देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 96 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह**...यह तो फिर भी नया चुनाव है



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 11 जुलाई 2020



मौसम — अधिकतम 33.0° न्यूनतम 23.0°

36737.69

2 पाकिस्तान में फर्जी पायलट्स का जाल

7 चैपल नहीं, मुझे हटाने में सभी शामिल

# मारा गया गैंग्स्टर विकास दुबे

## दुबे को लगीं 4 गोलियां, 3 सीने में और एक हाथ में

**संवाददाता**

कानपुर। कानपुर शूटआउट में आठ पुलिसकर्मियों की हत्या का मुख्य आरोपी विकास दुबे एनकाउंटर में मारा गया। विकास दुबे को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कानपुर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने बताया कि विकास को मुठभेड़ में चार गोलियां लगीं, जिसके चलते उसकी मौत हुई है। विकास दुबे की कोरोना रिपोर्ट भी निगेटिव आई है।

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. आरबी कमल ने बताया कि विकास दुबे को हैलट अस्पताल में मृत अवस्था में लाया गया था। डॉक्टरों को उसके शरीर में चार गोलियां मिली हैं। डॉ. आरबी कमल ने बताया कि तीन गोलियां विकास दुबे के सीने में और एक गोली उसके हाथ में लगी है, जिसके कारण उसकी मौत हुई। वहीं घायल तीन पुलिसकर्मियों में से दो को गोली छूकर निकल गई। जब पुलिसकर्मियों को अस्पताल ले जाया गया तो तीन बेसुध थे। उनकी हालत स्टेबल बताई जा रही है।

विभाग के एडीजी लॉ ऐंड ऑर्डर प्रशांत कुमार मीडिया के सामने आए और उन्होंने भी सिर्फ उतना ही कहा जितना पुलिस कह रही है। आपको बता दें कि एनकाउंटर के बाद पुलिस ने बयान में बताया था कि विकास दुबे पुलिस की पिस्तौल छीनकर भाग रहा था, इसी दौरान उसे सरेंडर करने को कहा गया। वह नहीं माना तो उसे रोकने के लिए गोली चलाई गई। पुलिस ने दावा किया था कि गोली विकास के कमर पर लगी है। हालांकि जब विकास को अस्पताल ले जाया गया तो उसके सीने मे लगी गोली साफ नजर आ रही थी।

**12 वॉन्टेड अभी फरार:** एडीजी प्रशांत कुमार ने बताया कि शूटआउट मामले में नामजद अपराधियों में से छह मारे जा चुके हैं। तीन गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सात लोगों को पुलिस ने षडयंत्र की धाराओं में जेल भेजा है। उन्होंने बताया कि अभी 12 वॉन्टेड अपराधी फरार हैं।



### गाय–भैस सामने आने से पलटी गाड़ी: एसटीएफ

एसटीएफ ने इस मुठभेड़ मामले में एक प्रेस नोट जारी कर बताया है कि पुलिस ने विकास दुबे को जिंदा पकड़ने के लिए उसके करीब जाने की कोशिश की, लेकिन वह गोलियां चलाता रहा। पुलिस ने आत्मरक्षा में पलटवार किया जिसमें दुबे मारा गया। एसटीएफ का यह भी कहना है कि जिस वाहन से दुबे को कानपुर लाया जा रहा था, उसके सामने अचानक से मवेशियों का एक झुंड आ गया था, जिसकी वजह से चालक वाहन पर काबू नहीं रख पाया और गाड़ी पलट गई।

### सियासत तेज, मामले में न्यायिक जांच की मांग

लखनऊ। विकास दुबे एनकाउंटर को लेकर विपक्षी दल लगातार सवाल उठा रहे हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने विकास दुबे मामले में न्यायिक जांच की मांग की है। प्रियंका गांधी ने 2 मिनट का विडियो जारी कर कहा, सारा देश देख रहा है कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को अपराध प्रदेश में बदल डाला है। उत्तर प्रदेश में लॉ ऐंड ऑर्डर बिगड़ चुका है। सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने सवाल उठाते हुए कहा कि दरअसल ये कार नहीं पलटी है, राज खुलने से सरकार पलटने से बचाई गई है। इसके अलावा राहुल गांधी, मायावती, प्रियंका गांधी, उमा भारती और दिग्विजय सिंह समेत अन्य नेताओं ने भी इस एनकाउंटर को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में कोविड–19 के एक दिन में 26,506 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत में शुक्रवार को कोविड–19 के एक दिन में सर्वाधिक 26,506 नए मामले सामने आए जिसके साथ देश में कोरोना वायरस संक्रमण के कुल मामले बढ़ कर 7,93,802 हो गए। कोविड–19 के 475 और मरीजों की मौत के साथ देश में इस संक्रमण से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़ कर 21,604 हो गई। कोरोना के बढ़ते मामलों की वजह से यूपी में शुक्रवार से 13 जुलाई तक पूर्ण लॉकडाउन लगा दिया गया है।

### बॉर्डर टेंशन पर राजनाथ की सैन्य प्रमुखों से मीटिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वी लद्दाख में गतिरोध वाले इलाकों से चीन के सैनिकों के वापस जाने के मद्देनजर सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ स्थिति की समग्र समीक्षा की। सरकारी सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत, थलसेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे, नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह और वायुसेना प्रमुख आर के एस भदौरिया तथा अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक में स्थिति की समीक्षा की।

### छात्रों की सुने यूजीसी, रद्द करे एग्जाम: राहुल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने परीक्षाओं को लेकर यूनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बीच एग्जाम कराना बहुत ही गलत होगा। कांग्रेस नेता ने एग्जाम को कैंसल कर छात्रों को उनके पिछले प्रदर्शन के आधार पर प्रमोट करने की मांग की है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को ट्वीट किया, कोविड–19 महामारी के बीच एग्जाम कराना बहुत ही गलत है। यूजीसी को छात्रों और शिक्षाविदों की आवाज सुननी चाहिए।

## पंगा लेने से घाटा, चीन बोला– सबका हित सोचें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में चीन के राजदूत सन विडोंग ने कहा है कि भारत और चीन को आपसी सहयोग के ऐसे कदम उठाने चाहिए जिनसे दोनों का फायदा हो, न कि ऐसे काम करें जिनसे दोनों को नुकसान भुगतना पड़े। विडोंग ने एक बयान जारी कर भारत–चीन के बीच सीमा विवाद को शांतिपूर्ण बातचीत के जरिए ऐसा समाधान ढूंढना चाहिए जो दोनों पक्षों को स्वीकार हो। चीनी राजदूत ने कहा, श्अतीत से चला आ रहा सीमा विवाद एक संवेदनशील और पेचीदा मुद्दा है।

विडोंग ने अपने बयान के जरिए भारत–चीन के बीच दोस्ताना संबंधों के लिए तीन सुझाव दिए। पहला– भारत और चीन को पार्टनर होना चाहिए, ना कि प्रतिस्पर्धी। दूसरा– भारत और चीन को शांति की चाह रखनी चाहिए, न कि संघर्ष की और तीसरा– भारत और चीन को पारस्परिक हित के कदम उठाने चाहिए, न कि दोनों को नुकसान पहुंचाने वाले।

## राज्य में पांच लाख प्रवासियों के आने की संभावना

**संवाददाता**

देहरादून। शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने कहा है कि कोरोना काल में प्रदेश में तीन लाख से ज्यादा प्रवासी अब तक उत्तराखंड लौट चुके है और अभी भी यह क्रम जारी है और पांच लाख के करीब प्रवासियों के आने की संभावना है।

सचिवालय में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि सरकार प्रवासियों के हितों के प्रति गंभीर है और उन्हें रोजगार व स्वरोजगार के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि डीएम बताएंगे कि प्रवासियो का रुझान किस तरह के रोजगार में है, और इसके लिए निर्देश दे दिये गये हे। पलायन आयोग के सुझावों पर भी काम होगा और विभागों की योजनाओं को आकर्षित बनाया गया है और विभाग अपने स्तर पर मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का व्यापक प्रचार करेंगे।

■सरकार प्रवासियों के हितों के प्रति गंभीर: कौशिक

एमएसएमई को विस्तृत स्वरूप दिया गया है और सेवा के क्षेत्र में 10 लाख तक लोन दिया जाएगा और अभी तक इस योजना में 15 हजार आवेदन आये है। डेयरी सेक्टर में 10–90 का सेस्यु होगा, 442 करोड़ इस योजना में खर्च होगा, अभी तक इस योजना में 1 हजार आवेदन प्राप्त हुए है, उद्यान विभाग के अंतर्गत 50 प्रतिशत का अनुदान मिलेगा, पॉलीहाउस में 80 प्रतिशत का अनुदान मिलेगा, इसमें 50 से ज्यादा छोटी योजनाएं इसमें सम्मलित है।

## एशिया का सबसे बड़ा सोलर प्रोजेक्ट का उद्घाटन

### प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया रीवा सोलर प्लांट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के रीवा में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 750 डॅ के सोलर प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया जो एशिया का सबसे बड़ा सोलर प्रोजेक्ट है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व कई केंद्रीय मंत्री भी इस इवेंट में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के सामर्थ्य पर विश्वास जताया और कहा कि यह विश्व की सुरक्षा का नींव है जो रीवा में रखा गया है क्योंकि पर्यावरण की स्वच्छता में इसका अहम योगदान होगा। इसके अलावा उन्होंने कोविड–19 संक्रमण से बचने के लिए नियमों का पालन करने की भी सलाह दी और कहा, आपका जीवन न केवल आपके परिवार के लिए बल्कि देश के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज रीवा ने इतिहास रच दिया। रीवा की पहचान मां नर्मदा के नाम से और सफेद बाघ से रही और अब इसमें एशिया का सबसे बड़े पावर प्रोजेक्ट का नाम जुड़ गया। ऊपर से देखने से लगता है कि खेतों में सोलर पैनल मौजूद हैं। इसके लिए मैं मध्य प्रदेश और रीवा के लोगों को बधाई देता हूं शुभकामनाएं देता हूं। इस दशक में ऊर्जा का बहुत बड़ा केंद्र बनाने में मदद करेगाप्रधानमंत्री ने गुरुवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी थी।

प्रधानमंत्री ने कहा, अब गरीब परिवारों को नवंबर तक मुफ्त राशन मिलता रहेगा। सौर ऊर्जा ने आम ग्राहक को उत्पादक भी बना दिया है, पूरी तरह से बिजली के बटन पर कंट्रोल दे दिया है।

### मध्य प्रदेश बन जाएगा बिजली का हब

प्रधानमंत्री ने कहा, ये तमाम प्रोजेक्ट जब तैयार हो जाएंगे, तो मध्य प्रदेश निश्चित रूप से सस्ती और साफ–सुथरी बिजली का हब बन जाएगा। इसका सबसे अधिक लाभ मध्य प्रदेश के गरीब, मध्यम वर्ग के परिवारों, किसानों, आदिवासियों को होगा। उन्होंने आगे कहा, इस दशक में रीवा का यह सोलर प्लांट इसे ऊर्जा का बहुत बड़ा केंद्र बनाने में मदद करेगा।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


## ड्रैगन को समुद्र में घेरेगा भारत

### अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के संग करेगा महाभ्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने चीन को समुद्र में घेरने की तैयारी पूरी कर ली है। पूर्वी लद्दाख से लगी सीमा पर चीनी सेना पीछे भली हटे हो मगर उसपर विश्वास नहीं किया जा सकता। भारत चीन पर दबाव बनाए रखना चाहता है। इसलिए उसने मालाबार ड्रिल के लिए इस बार ऑस्ट्रेलिया को भी बुलाने का प्लान बनाया है।

अबतक इस युद्धाभ्यास में अमेरिका और जापान की नौसेनाएं ही भारतीय नौसेना के साथ मिलकर हिस्ध्सा लेती रही हैं। भारत की तरह, ऑस्ट्रेलिया के साथ चीन के रिश्ते पिछले कुछ महीनों में काफी बिगड़ गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया को इस ड्रिल में पहली बार शामिल कर चीन को साफ संदेश देने की तैयारी है। साल के आखिर में जब बंगाल की खाड़ी में भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाएं एक साथ युद्धाभ्यास करेंगी तो चीन को समुद्री इलाके में डर का गहरा एहसास होगा।